स्वघोषणा पत्र
(आरटीई नामांकन सत्र 2026–27 हेतु- बोकारो)

मैं, ____ (अभिभावक/संरक्षक का नाम), पिता/माता/संरक्षक ____ (बच्चे का नाम), निवासी ____ (पूरा स्थायी पता), एतद् द्वारा विधिवत् शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता/करती हूँ कि—

1. मैंने अपने बच्चे के नामांकन हेतु आरटीई नामांकन सत्र 2026–27 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन किया है।
2. मैंने ऑनलाइन आवेदन के दौरान कोई भी AI द्वारा निर्मित, संपादित, मॉर्फ्ड, छेड़छाड़ किया गया, जाली अथवा इंटरनेट से डाउनलोड किया गया दस्तावेज़ या फोटो अपलोड नहीं किया है। मेरे द्वारा अपलोड किए गए सभी दस्तावेज़ एवं फोटो पूर्णतः वास्तविक, मूल एवं सत्य हैं।
3. आवेदन करते समय मैंने अपने निवास स्थान का जियो-टैग (Geo-Tag) युक्त फोटो, जिसमें पूरा आवास/परिसर (पूर्ण आवास) स्पष्ट रूप से दिखाई देता हो, निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपलोड किया है।
4. यदि भौतिक सत्यापन/जांच के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया जियो-टैग फोटो, आवेदन के समय अपलोड किए गए जियो-टैग फोटो से मेल खाता है, तो उसे मेरे निवास की पुष्टि माना जाए।
5. मेरे द्वारा अपलोड किया गया निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र तथा अन्य सभी दस्तावेज़ विधिवत् सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत, वैध एवं सत्य हैं।
6. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई भी दस्तावेज़, प्रमाण-पत्र, सूचना या जियो-टैग फोटो असत्य, भ्रामक, जाली या गलत है, तो—
    - मेरे बच्चे का आवेदन/नामांकन तत्काल निरस्त किया जा सकता है।
    - मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।
    - संबंधित प्राधिकारी मेरे विरुद्ध प्रचलित नियमों एवं विधि के अनुसार उचित प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
7. आवेदन भरते समय मेरे द्वारा दी गई सभी जानकारियाँ मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य, सही एवं संपूर्ण हैं तथा मैंने कोई भी तथ्य नहीं छिपाया है।

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सभी कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं, और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

स्थान: ________________
दिनांक: ________________

अभिभावक/संरक्षक के हस्ताक्षर: ________________
नाम: ____________________________________
मोबाइल नंबर: ________________
आधार संख्या (यदि आवश्यक हो): ________________